आईआईएम रांची के निदेशक प्रो शैलेंद्र का कार्यकाल पूरा

प्रो प्रदीप को प्रभार



रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची के निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह का पांच वर्षों का कार्यकाल सोमवार को पूरा हुआ। बतौर प्रभारी निदेशक प्रो प्रदीप कुमार बाला ने उनसे पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही, नए निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी।

सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में प्रो शैलेंद्र सिंह ने बतौर निदेशक अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। बताया कि संस्थान व विद्यार्थियों के विकास के लिए कई पहल की गई, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले।

प्रो सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में आईआईएम रांची ने अपनी एनआईआरएफ रैंकिंग, जो 2018 में 40 थी, उसे सुधार कर 2020 में 20 कर लिया। साथ ही, आईआईएम के स्थायी परिसर का निर्माण कार्य भी शुरू हुआ।

Hindustan_08.03.2022_Pg. 08